परम रम्य गिरिबरू कैलासू। सदा जहां सिव उमा निवासू।
चित्रकूट गिरि करहु निवासू। तहँ तुम्हार सब भाँति सुपासू।
| Ram Katha 938 – मानस सप्त शिखर || Shri Sammed Shikharji, Jharkhnad || ❊मोरारी बापू

सांध्य दैनिक

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 338 | इंदौर, गुरुवार 20 जून, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. **Heat Wave: पूरे भारत में प्रचंड गर्मी का कहर, अब तक 40 हजार हीट स्ट्रोक के मामले सामने आए; सैकड़ों मौतें दर्ज**
2. **NEET SCAM : ईओयू की जांच तेज, जोधपुर जाएगी टीम, नौ में एक अभ्यर्थी पहुंचा आर्थिक अपराध इकाई कार्यालय**

# बिगड़ गया रसोईघरों का बजट

## बढ़ते दामों ने बिगाड़ दिया सब्जी का जायका

## एक सप्ताह में ही दोगुने से अधिक हो गए सब्जियों के भाव



@ DGR विशेष

इंदौर। आम जनता को महंगाई से कोई राहत नहीं मिली है। जहां एक तरफ जहां जून माह में प्री मानूसन के बाद भी भीषण गर्मी से लोग परेशान है तो अब महंगाई ने भी आम जनता को परेशान कर दिया है। एक बार फिर से हरी सब्जियों के साथ टमाटर के दाम में इजाफा हो रहा है। पिछले हफ्ते प्याज और आलू के दाम में बढ़ोतरी हुई थी और अब टमाटर महंगा हो गया है। हीटवेव और भीषण गर्मी ने आम जनता को डबल झटका दिया है। इस गर्मी के सीजन में सब्जियों के दाम आसमान छू रहे हैं। प्याज और आलू के साथ टमाटर भी महंगक होते जा रहा है। पिछले दो हफ्तों में टमाटर के दाम में दोगुना इजाफा हुआ है। सब्जियों के बढ़ते दामों ने जहां सब्जी का जायका बिगाड़ दिया है, वहीं अनेक परिवारों के रसोईघरों का बजट भी बिगड़ गया है। कल शहर में अच्छा सुर्ख टमाटर 80 रुपए बिका। इसे देखकर हरी सब्जियों के भाव भी आसमान चढ़ गए। आलू-प्याज ही लोगों की पहुंच तक बचे हैं। कद्दू और लौकी छोड़ कोई सब्जी बीस रुपए पाव से कम नहीं है। हरी मिर्ची जो बीस रूपए में कभी बिकती थी। अब 40 रुपए पाव बोली जा रही है। दस रुपए में मिर्ची या हरी धनिया नहीं मिल रही है।

### जमाखोर हुए सक्रिय

सब्जियों की कम आवक व फसल खेतों में नहीं होने से दामों में इजाफा हुआ है। टमाटर के भाव सबसे ज्यादा हैं। आवक कम होने तथा दामों में तेजी आने के कारण स्टोरेज में जमाखोर भी सक्रिय हो गए हैं। स्थानीय सब्जी मंडी में जिले के अतिरिक्त पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र, उड़ीसा, गुजरात के रास्ते सब्जियां पहुंच रही हैं। वहीं बे-सीजन सब्जियां नासिक से आती हैं।

### कम हो गई आवक

रसोई का बजट पूरी तरह से बिगड़ गया है। मंडी में सब्जी की आवक कम हो गई है। इसके चलते हरी सब्जियों के भाव बीते कुछ दिनों से दो-गुने हो गए हैं। इससे रसोई का बजट बिगड़ गया है।

### गरीब की थाली से हरियाली गायब

गरीब की थाली से हरी सब्जी गायब होने लगी है। लोगों की आम जरूरत वाली हरी मिर्च के दामों में आग लगी हुई है। पिछले एक सप्ताह के दौरान हरी मिर्च का भाव तीन गुना हो चुका है। बाजार में बारिश के सीजन में सब्जियों के भाव चढ़े नजर आ रहे हैं। पिछले सप्ताह तक बाजार में बिक रही सब्जियों के दामों में जबरदस्त उछाल आया है। हरी सब्जियों जैसे लौकी कद्दू, बैंगन, भिंडी, बंदगोभी आदि के दाम भी कई गुना तक बढ़ गए हैं।



### रुला रही हरी मिर्च

एक पखवाड़े पहले सौ रुपयों की खरीदी गई सब्जी से झोला भर जाया करता था, अब सब्जियों के दाम बढऩे से लोगों का झोला खाली रहने लगा है। भोजन की थाली में तीखेपन के अहसास कराने वाली हरी मिर्च की कीमतों में तीखापन नजर आया। बाजार में बीस रूपए किलो बिकने वाली हरी मिर्च 160 रूपए प्रतिकिलो तक पहुँच गई है। हरी सब्जी के बगैर भोजन की थाली खाली दिखाई देती है।

### खपत की तुलना में आपूर्ति कम

इंदौर की  देवी अहिल्याबाई होलकर फल एवं सब्जी थोक मंडी में सहित अन्य मंडियों में इन खपत की तुलना में सब्जियों की आपूर्ति कम हो रही है, जिससे बड़े व्यापारी भी ऊंचे भावों में सब्जियां खरीदने के बाद ठेले वालों सहित दुकानदारों को महंगे भाव में ही सब्जियां बेच रहे हैं।

### मौसम में बदलाव का असर

व्यापारियों व किसानों का कहना है कि मौसम में बदलाव का असर सब्जियों के उत्पादन पर हो रहा है। अनेक जगहों पर सब्जियां खेतों में ही खराब हो रही है, ऐसे में किसान उन सब्जियों को वहीं पर नष्ट कर रहे हैं।

### यह चल रहे सब्जियों के भाव

सब्जियों के थोक विक्रेताओं का कहना है कि पिछले दिनों तापमान का सामान्य से अधिक रहा, जो सब्जी उत्पादकों और उपभोक्ताओं के लिए चुनौतियां बढ़ा रहा है।  खेतों में सब्जियां खराब हुई, जिससे मंडियों में आपूर्ति कम हुई है। टमाटर 15 से 18 रु. किलो, केरी 20 से 25रु. किलो, भिंडी 20 से 25रु. किलो, गिलकी 30 से 35रु. किलो, पालक 15 से 20रु. किलो, धनिया 70 से 80रु. किलो, हरी मिर्च 50 से 60रु. किलो,शिमला मिर्च 55 से 60रु. किलो, बैंगन 15 से 20रु. किलो,लोकी 15 से 20रु. किलो,परमल 30 से 35रु. किलो,टेंसी 25 से 30रु. किलो, रु. किलो, पत्तागोभी 8 से 10रु. किलो, करेला 25 से 30, गाजर 15 से 20 रु. किलो, कद्दू 7 से 8रु. किलो,  ककड़ी खीरा 25 से 30रु. किलो, हरी ककड़ी 25 से 30रु. किलो, रेतवाली ककड़ी 18 से 20रु. किलो, अदरक 90 से 110रु. किलो,  सूरजने की फली 40 से 45रु. किलो, मैथी 25 से 30रु. किलो।

# पेपर लीक घोटाले पर कांग्रेस की जांच

## शहर कांग्रेस कमेटी ने घोटाले की जांच कर रिपोर्ट मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी को भेजी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। शहर कांग्रेस कमेटी ने पिछले दिनों इंदौर देवी अहिल्या विश्वविद्यालय में एमबीए पेपर लीक मामले में एक जांच कर उसकी रिपोर्ट प्रदेश कांग्रेस को भेजी है। खास बात यह है कि जिन नेताओं ने इस पूरे मामले की जांच कर रिपोर्ट आलाकमान को भेजी है उन नेताओं ने अपने मन से ही यह जांच कर ली। कांग्रेस सूत्रों का कहना है जिन नेताओं ने जांच की है उन्होंने खुद से ही एक कमेटी का गठन किया और जांच कर ली। जबकि जांच करने के लिए प्रदेश के पदाधिकारी जांच कमेटी गठित करते है।**

कांग्रेस नेताओं ने जो रिपोर्ट बनाकर भेजी है उसमें लिखा है कि पिछले दिनों डीएवीवी में पेपर लीक हुआ था, जो की अक्षय बम के आयडेलीक कॉलेज से हुआ था। जिसको लेकर शहर कांग्रेस के छात्र नेताओं द्वारा आंदोलन किया गया और पेपर लीक कांड की जांच करने के लिए देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी और पुलिस प्रशासन को ज्ञापन सोपा गया था। जिसमें अक्षय बम के आयडेलीक कॉलेज के तीन कर्मचारियों को पेपर लीक करके बेचने के आरोप में गिरफ्तार कर आरोपी बनाया गया था और मुकदमा दर्ज किया था। लेकिन देवी अहिल्या विश्वविद्यालय ने पुलिस जांच का इंतजार ना करते हुए अपनी जांच रिपोर्ट में कॉलेज संचालक अक्षय बम के आयडेलिक कॉलेज की मान्यता रद्द ना करते हुए केवल ? 5 लाख का जुमार्ना करते हुए 3 साल के लिए परीक्षा केंद्र हटाने का एक तरफा फैसला कर लिया। जो सीधे सीधे अक्षय बम के कॉलेज को बचाने के लिए लिया गया।

कांग्रेस नेताओं ने रिपोर्ट में आगे लिखा की जब कॉलेज की प्राचार्य ने यह स्वयं स्वीकार किया की गलती हुई है। पेपर पुलिस थाने पर न रखते हुए कॉलेज में रखा गया था। नियमों को ताक में रखा गया था उन्होंने लिखित में अपनी गलती मानी है। तब भी देवी अहिल्या विश्वविद्यालय द्वारा अक्षय बम एवं उसके आयडेलिक कॉलेज को नाम मात्र का जुमार्ना कर सीधे-सीधे बचाने की कोशिश की गई है। जांच रिपोर्ट में कमेटी ने यह बताया है कि अक्षय बम एवं उनके कॉलेज और प्राचार्य जो कि सीधे-सीधे दोषी है।

# कांटाफोड़ मंदिर के भक्तों ने जुटाई खाद्यान्न सामग्री

## अमरनाथ यात्रा मार्ग पर लंगर सेवा के लिए इन्दौर से रवाना हुआ 100 क्विं.खाद्यान्न से भरा ट्रक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। अमरनाथ यात्रा मार्ग पर भक्तों को इंदौर एवं मालवा का स्वाद उपलब्ध कराने और देश-विदेश से आने वाले भक्तों के लिए स्वादिष्ट व्यंजन तैयार कर परोसने हेतु नवलखा स्थित मनकामेश्वर कांटाफोड़ शिव मंदिर के भक्तों द्वारा इस वर्ष भी लंगर सेवा संचालित की जाएगी। इसके लिए बुधवार शाम लगभग 100 क्विंटल खाद्य सामग्री से भरा ट्रक बालटाल के लिए विधायक गोलू शुक्ला के मुख्य आतिथ्य में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजन के बाद बिदा किया गया।**

कांटाफोड़ मंदिर से जुड़े भक्तों ने पिछले एक सप्ताह में छावनी एवं आसपास के क्षेत्रों में भ्रमण कर लंगर के लिए 100 क्विंटल करीब एक ट्रक खाद्यान्न सामग्री जुटाई जिसमें दाल, तेल, घी, मिल्क पावडर, शक्कर, पोहा, बेसन, चावल, मसाले एवं अन्य खाद्य सामग्री शामिल है। मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष विष्णु बिंदल, टीकमचंद गर्ग, संयोजक बी.के. गोयल, अजय खंडेलवाल एवं राजकुमार अग्रवाल ने आचार्य पं. हरिशंकर शास्त्री के निर्देशन में विधायक शुक्ला एवं पार्षद मृदुल अग्रवाल के साथ पूजा-अर्चना कर इस ट्रक को बालटाल के लिए बिदा किया। इस दौरान भक्तों ने बर्फानी बाबा के जयघोष एवं बोल बम के उद्घोष से मंदिर परिसर को गुंजायमान बनाए रखा। भक्त मंडली के परमानंद वालेचा, विजय काला, हेमंत अग्रवाल, मनीष गर्ग, वरुण हरिमंगल एवं संदीप गोयल ने छावनी क्षेत्र के व्यापारियों एवं समाजसेवी निर्मल रामरतन अग्रवाल, सुभाष बजरंग एवं अन्य के सहयोग का उल्लेख करते हुए राशन सामग्री एकत्र करने में दिए गए सहयोग के लिए उनके प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

अतिथियों ने मंदिर ट्रस्ट एवं भक्तों की इस सेवा भावना की खुले मन से प्रशंसा की और कहा कि पिछले 19 वर्षों से लगातार (कोरोना काल छोड़कर) अमरनाथ यात्रा मार्ग पर इस तरह की सेवा की जा रही है। इस बार खन्ना (पंजाब) के अमरनाथ बर्फानी सेवा दल के सहयोग से लंगर नंबर 7 पर कांटाफोड़ मंदिर का लंगर लगाया जाएगा। इसके अलावा पंचतरणी में भी लंगर सेवा जारी रहेगी। इंदौर से जाने वाले भक्तों को तीन दिनों तक बालटाल एवं पंचतरणी में निःशुल्क भोजन, नाश्ता, चाय एवं नाममात्र शुल्क पर पलंग पर रात्रि विश्राम की सुविधा उपलब्ध रहेगी। इस बार अमरनाथ यात्रा के पहले दिन गुफा में मंदिर श्राइन बोर्ड के अधिकारियों द्वारा सुबह 9 बजे पहली पूजा के बाद दर्शन कर लौटने वाले भक्तों को जो प्रसाद वितरण किया जाएगा, वह मनकामेश्वर कांटाफोड़ मंदिर इंदौर एवं खन्ना वाले सेवादल की ओर से किया जाएगा। इस प्रसाद में मखाने एवं किशमिश तथा मिश्री सहित सूखे मेवे रखे गए हैं। करीब तीन क्विंटल प्रसाद आज भेजे गए ट्रक में अलग से रखा गया है।

# लक्ष्मीबाई नगर रेलवे स्टेशन पर जल्द शुरू होगा निर्माण कार्य

## एमआर 4 की तरफ बनेगी 2 मंजिला बिल्डिंग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। लक्ष्मीबाई नगर रेलवे स्टेशन की नई बिल्डिंग बनाने का काम जल्द ही शुरू हो जाएगा। बताया जा रहा है कि एमआर-4 की तरफ दो मंजिला बिल्डिंग का निर्माण किया जाएगा। जिसके निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया अगले 15-20 दिन में जारी करने की तैयारी रेलवे विभाग कर रहा है। रेलवे ने नई बिल्डिंग बनाने की लागत लगभग 20 करोड़ रुपए आंकी है। रेलवे सूत्रों का कहना है कि सितंबर-अक्टूबर तक नई बिल्डिंग का काम शुरू हो जाएगा।**

रेलवे सूत्रों ने बताया कि बिल्डिंग बनाने का टेंडर जिस कंपनी को दिया जाएगा। उसे यह बिल्डिंग एक साल के अंदर तैयार करके देना होगी। यह बिल्डिंग सर्व सुविधायुक्त होगी, जहां यात्रियों के लिए सभी मूलभूत सुविधाएं जुटाई जाएंगी। विभागिय अधिकारियों का कहना है कि नई बिल्डिंग को आने वाले 25-30 साल की जरूरतों को देख कर बनाया जाएगा। वहीं दो मंजिला बिल्डिंग के अलावा स्टेशन पर दो नए प्लेटफॉर्म भी बनाए जाएंगे। इसके लिए मौजूदा बिल्डिंग को तोड़ा जाएगा। वहीं जहां पर बिल्डिंग बनी है वहां पर दो लूप लाइन भी तैयार की जाएगी। बता दें कि दो लूप लाइन बिछाने और बाणगंगा नाले पर रेल लाइनों के लिए नया पुल बनाने का काम पहले ही एजेंसी को सौंपा जा चुका है।

# कट्टा लेकर घूम रहा बदमाश पकड़ाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** बाणगंगा पुलिस ने एक छुटभैये बदमाश को पकड़ा है। वह कट्टा लेकर क्षेत्र में घूम रहा था और रौब झाड़ रहा था। उसके बारे में पुलिस को सूचना मिली तो उसकी गुंडागर्दी निकाल दी। बाणगंगा थाने में पदस्थ कार्यवाहक प्रधान आरक्षक अखिलेश मिश्रा के अनुसार पकड़े गए आरोपी का नाम अंकित मौर्य पिता सूर्यभान मौर्य निवासी नंदबाग कॉलोनी है। कल अंकित के बारे में मुखबिर ने पुलिस को सूचना दी कि वह पेंट में कट्टा फंसा कर घूम रहा है और लोगों को डरा धमका रहा है। तुरंत ही घेराबंदी कर उसे पकड़ा गया। उसके पास देसी कट्टा और जिंदा कारतूस मिले हैं वह वारदात की फिराक में भी था। उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट की कार्रवाई की गई है।

कटाक्ष




©www.detectivegroupreport.com

# कांग्रेस का आरोप-विजयवर्गीय की मुहिम चढ़ेगी भ्रष्टाचार की भेंट

## कांग्रेस बोली- जो 51 लाख पेड़ लगेंगे उनकी जियो टेगिंग की जाए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर में मप्र के कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय 51 लाख पौधे लगाने की अनुठी मुहिम शुरू कर चुके है। इस मुहिम की शुरूआत खुद सीएम यादव ने इंदौर में की है। वहीं सीएम इस मुहिम के लिए लगभग 20 करोड़ रुपए का फंड देने की बात भी कह चुके हैं। अब इसी फंड को लेकर कांग्रेस हमलावार हो गई है।**

कांग्रेस का आरोप है कि यह फंड भी निगम के अन्य भ्रष्टाचार की तरह घोटाले की भेंट चढ़ जाएगा। कांग्रेस का तर्क है कि जब इंदौर में 51 लाख पौधे लगाने की जगह ही नहीं है तो फिर इतने पौधे आखिर लगेंगे कहां। जाहिर है इसमें भी घोटाला होगा। इंदौर निगम नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे का कहना है कि इंदौर शहर में 51 लाख पेड़ लगाने की जगह नहीं है तो यह पैसा भी घोटाले की भेंट चढ़ेगा। अगर 51 लाख पेड़ लगाए जा रहे हैं, तो उन पेड़ों की जिओ टैगिंग की जाना चाहिए। इससे दूध का दूध और पानी का पानी हो सकेगा। वहीं समाजसेवी किशोर कोडवानी का दावा है की 51 लाख पेड़ लगाने के लिए जितनी जमीन की आवश्यकता है, इंदौर के मास्टर प्लान में उतनी जगह ही नहीं है। ज्यादा से ज्यादा 3 लाख पेड़ लगाए जा सकते हैं, इससे ज्यादा पेड़ लगाना इंदौर में संभव नहीं है।

# नि:शुल्क सामूहिक विवाह समारोह 21 को

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** श्री नाहरसिंह बाबा सामाजिक सेवा संस्था द्वारा 21 जून को गुमाश्ता नगर स्थित दस्तूर गार्डन में नि:शुल्क सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया जा रहा है। समारोह की खास बात यह है कि सात फेरों के अलावा आंठवा फेरा सभी वर-वधु शहर की हरियाली और खुशहाली के लिए लगाएंगे। सामूहिक विवाह समारोह में संस्था के पदाधिकारियों द्वारा सभी बाराती व घराती को पर्यावरण व जल संरक्षण की शपथ भी दिलाएंगे। श्री नाहरसिंह बाबा सामाजिक सेवा संस्था मीडिया समन्वयक लोकेंद्रसिंह राठौर ने बताया कि अध्यक्ष कैलाश राठौर एवं सामूहिक विवाह समिति संरक्षक राजेश राठौर के नेतृत्व में आयोजित होने वाले इस नि:शुल्क सामूहिक विवाह में सभी जोड़ों को पलंग, सोफा सेट, वस्त्र, बर्तन, सोने चांदी के आभूषण एवं अन्य उपयोगी सामग्री भी संस्था द्वारा उपहार स्वरूप भेंट की जाएगी। इसी के साथ शहर के समाजसेवियों द्वारा भी वधु को कन्यादान में उपहार भेंट किए जाएंगे। सामूहिक विवाह समारोह में सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक गोलू शुक्ला सहित शहर के वरिष्ठ समाजसेवियों को भी आमंत्रित किया गया है।

# निगम में कांग्रेस करेगी धरना-प्रदर्शन

## ❑ राजस्व साफ्टवेयर हैक होने के बाद लोगों को भेजे जा रहें ज्यादा राशि के बिल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर नगर निगम का का राजस्व साफ्टवेयर हैक होने के बाद लोगों को ज्यादा राशी के बिल भेजे जा रहे हैं। जिससे आम नागरिक परेशान हा रहे है। ज्यादा राशी के बिलों की समस्या को ठीक कराने के लिए रोज नगर निगम में लोगों की भीड़ लग रही है। ज्यादा राशी के बिल से लोग परेशान हो रहे है जिसे देखते हुए कांग्रेस पार्षद दल और कांग्रेस नेता निगम में धरना प्रदर्शन करेंगे।

इंदौर नगर निगम ने भले ही खुद का साफ्टवेयर तैयार करने की घोषणा कर दी है, लेकिन आम नागरिकों द्वारा जो कर जमा करवाया जा चुका है, उसके पोर्टल पर नहीं दिखने से लोग परेशान हो रहे हैं। ऐसे लोगों को कर चुकाने का नोटिस दिया जा रहा है।

कांग्रेस नेता और निगम नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे ने बताया कि पूरे शहर के लोग परेशान हैं और ईमानदारी से संपत्ति तथा जलकर कमाने वाला नागरिक भी निगम की इस कारस्तानी को लेकर तंग आ गया है। इसको लेकर झोनल और निगम कार्यालय पर रोज विवाद हो रहे हैं। इसी ज्यादती के खिलाफ कल कांग्रेस नगर निगम पर प्रदर्शन करने जा रही है। चौकसे ने कहा कि प्रदेश सरकार की नाकामी के कारण यह पोर्टल दिसंबर महीने से बंद पड़ा है और इस बीच कई लोग टैक्स जमा कर चुके हैं। निगम ने न तो इस मामले में साइबर सेल में शिकायत की और न ही डाटा को रिकवर किया। इसका खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है। इसी को लेकर कांग्रेस पार्षद दल और कांग्रेस कमेटी कल निगम मुख्यालय पर प्रदर्शन कर मांग करेगी कि इस प्रकार के नोटिस और एसएमएस लोगों को भेजना बंद किया जाए, ताकि वे परेशान न हों। पुराने डाटा को रिकवर किया जाए, क्योंकि इंदौर में अधिकांश लोगों ने टैक्स जमा कर दिया था। इस मामले में निगमायुक्त को ज्ञापन दिया जाएगा।

# मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने किया निरीक्षण

## गुणवत्तापूर्ण मध्यान्ह भोजन नहीं पाये जाने पर संबंधित को नोटिस जारी करने के निर्देश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सिद्धार्थ जैन द्वारा मल्हार आश्रम परिसर में निमार्णाधीन सीएम राइज विद्यालय का निरीक्षण किया। इस अवसर पर संबंधित अनुविभागीय अधिकारी, निर्माण एजेंसी, पुलिस हाऊसिंग कारपोरेशन के अधिकारी उपस्थित थे। श्री जैन ने निर्माण क्षेत्र से अतिक्रमण हटाने के लिये सम्बन्धित अनुविभागीय अधिकारी को निर्देश दिये। उन्होंने निर्माणो एजेंसी को तय समय-सीमा में पूर्ण गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये।**

श्री जैन ने शाला प्रवेशोत्सव के दौरान अध्यनरत छात्रों से शैक्षणिक गुणवत्ता व अन्य गतिविधियों के संबंध में चर्चा की। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रदाय किये जाने वाले मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता भी देखी। उन्होंने मध्यान्ह भोजन निर्माण स्थल का भी जायजा लिया। श्री जैन ने मध्यान्ह भोजन गुणवत्तापूर्ण नहीं पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित एजेंसी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये।

उन्होंने सुपर 100 के छात्र/छात्राओं से चर्चा करते हुए शिक्षण संबंधी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने होस्टल का निरीक्षण भी किया तथा छात्रावास अधीक्षिका को बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने छात्रावास में मूलभूत व्यवस्थाएं सुनिश्चित करते हुए विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षण हेतु प्रोत्साहित करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान छात्रों द्वारा भोजन की गुणवत्ता के सम्बन्ध में शिकायत करने पर श्री जैन ने 4 दिवस में समस्त व्यवस्थाओं में सुधार के निर्देश दिये तथा संबंधित अधिकारी को निर्धारित अवधि के पश्चात निरीक्षण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। उन्होंने संबंधित अधिकारी को नियमित रूप से छात्रावास निरीक्षण करते हुए विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी समस्याओं का समय पर समाधान करने के निर्देश भी दिये। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# दो दिवसीय संत सुरक्षा बर्बरिक सेना का सम्मेलन शुरू

## खाटू श्याम अखाड़े के महामंडलेश्वरों ने किया विभिन्न मुद्दों पर विचार-मंथन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। खाटू श्याम बाबा की भक्ति का साम्राज्य विदेशों तक फैल चुका है। विदेशों में भी, खासकर कनाडा एवं यूएसए में भी अब श्याम बाबा के मंदिर बनने लगे हैं। अनेक संतों को श्याम बाबा की कथा सुनाने के लिए सात समंदर पार से निमंत्रण मिलने लगे हैं। इस स्थिति में श्याम बाबा की ख्याति दिनोंदिन बढ़ती जा रही है, लेकिन इसके साथ ही अनेक ऐसे मामले भी सुनने में आते हैं, जहां श्याम भक्तों के साथ चमत्कार के नाम पर उन्हें गुमराह करने की घटनाएं भी हो रही है। इनकी रोकथाम की दिशा में खाटू श्याम अखाड़े के तत्वाधान में अनेक ठोस कदम उठाने की जरूरत है।

अंतर्राष्ट्रीय खाटू श्याम अखाड़े के महामंडलेश्वर स्वामी पंकज दास ने बुधवार को एयरपोर्ट रोड, अंबिकापुरी स्थित खाटू श्याम धाम मंदिर पर दो दिवसीय संत सुरक्षा बर्बरिक सेना के सम्मेलन का शुभारंभ करते हुए उक्त बातें कही। इस मौके पर खाटू श्याम अखाड़े का चौथा स्थापना दिवस भी मनाया गया। कार्यक्रम में महामंडलेश्वर गोपालदास महाराज, किन्नर महामंडलेश्वर संतोषी माई, महामंडलेश्वर नलिनी दास, महामंडलेश्वर राघवेन्द्र दास सहित अनेक संत-विद्वान मौजूद थे।

शुरू में अंबिकापुरी मंदिर के महंत नीलू बाबा, श्यामप्रिया मुस्कान शर्मा, महेश वर्मा, मनीष जैन, अनिल सोनी, नितेश गोयल, धीरेन्द्र जायसवाल, विनोद विश्वकर्मा एवं महिला समिति की ओर से मालती जायसवाल, गंगा जैन, ललिता चावड़ा, पूजा गोयल, शालिनी अग्रवाल, चंदा अग्रवाल, मीना दीदी एवं करुणा शर्मा ने सभी संत-विद्वानों का स्वागत किया।

इस अवसर पर खाटू श्याम महायज्ञ संपादित करने वाले आचार्य पं. मुकेश उपाध्याय एवं पवन तिवारी का सम्मान भी किया गया। सम्मेलन में निर्णय लिया गया कि गुरुवार को इन सभी मुद्दों पर विस्तृत चर्चा कर आवश्यक निर्णय लिए जाएंगे, ताकि श्याम भक्तों को होने वाली परेशानियां कम हो सकें। दोपहर बाद सभी संतगण ओंकारेश्वर के लिए प्रस्थित हुए। गुरुवार, 20 जून को सम्मेलन की कार्यवाही दोपहर 12 बजे से अंबिकापुरी मंदिर पर शुरू होगी।

# पद्मश्री डॉ. विश्वनाथ प्रसाद तिवारी और डॉ. संतोष चौबे को मिलेगा समिति शताब्दी सम्मान

इंदौर। श्री मध्यभारत हिन्दी साहित्य समिति के प्रतिष्ठित शताब्दी सम्मान के लिए वर्ष 2023 में प्रख्यात साहित्यकार एवं पदमश्री से सम्मानित डॉ विश्वनाथ प्रसाद तिवारी और डॉ. संतोष चौबे को प्रदान किया जाएगा। इसमें साहित्यकारद्वय को एक-एक लाख रुपए की सम्मान निधि और मानपत्र भेंट किया जाएगा। पत्रकार वार्ता में समिति के प्रधानमंत्री अरविंद जवलेकर ने बताया कि डॉ. विश्वनाथ प्रसाद तिवारी सन् 2013 से 2017 तक साहित्य अकादमी के अध्यक्ष रहे। इस पद पर चयनित होने वाले वे हिन्दी के प्रथम लेखक हैं। तिवारी ने महज 28 वर्ष की उम्र में छायावादोत्तर हिन्दी गद्य साहित्य पर आलोचनात्मक ग्रंथ लिखा। भारत सरकार ने उनकी साहित्य साधना के लिए उन्हें वर्ष 2023 में पद्मश्री से सम्मानित किया। प्रादेशिक स्तर पर आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलाधिपति और वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. संतोष चौबे को भी समिति शताब्दी सम्मान से सम्मानित किया जाएगा।

# विधायक सुश्री उषा ठाकुर ने आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का किया निरीक्षण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। विधायक सुश्री उषा ठाकुर ने आज इंदौर जिले के आयुष्मान आरोग्य मंदिर धारनाका, गवली पलासिया, बड़गोंदा, दतोदा और चोरल का आकस्मिक निरीक्षण किया। विधायक सुश्री ठाकुर ने औषधालय की व्यवस्था देख कर प्रसन्नता व्यक्त की। सामुदायिक आयुष चिकित्सा अधिकारियों द्वारा आयुष्मान आरोग्य मंदिर में दी जा रही सुविधाओं की जानकारी दी गई। जिसमें वाटर टेस्टिंग, नमक में आयोडीन टेस्टिंग, बी.पी., एचबी की जांच के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। सुप्रजा कार्यक्रम के अंतर्गत डॉ. अल्पना द्वारा गर्भ संस्कार के विषय में जानकारी दी गई। वयोमित्र डॉ. नितिन सोनी द्वारा भी हेल्थ के बारे में जानकारी प्रदान की गई। आयुर्विद्या की जानकारी डॉ. अनुराग भट्ट द्वारा दी गई। विधायक सुश्री उषा ठाकुर ने राष्ट्रीय आयुष मिशन के अंतर्गत की जा रही गतिविधियों की सराहना की। इस अवसर पर उन्होंने पौधरोपण भी किया। निरीक्षण के दौरान जिला आयुष अधिकारी डॉ. हंसा बरिया, नोडल अधिकारी डॉ. राकेश गुप्ता, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. सोनम तिवारी, डॉ. नेहा भाना, डॉ. प्रिया वर्मा, डॉ. सीमा आर्य, डॉ. रागिनी शिवहरे एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# इंदौर विकास प्राधिकरण का 1100 करोड़ रुपये का बजट पेश

## कन्वेंशन सेंटर के लिए 1 करोड़ का प्रावधान, केबल कार के लिए टेंडर फाइनल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर विकास प्राधिकरण संचालक मंडल की बैठक बुधवार को हुई। जिसमें वित्तीय वर्ष 2023-24 के पुनरीक्षित बजट और वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट अनुमान को स्वीकृति प्रदान की गई। 2024-25 का बजट अनुमान 1135.58 करोड़ है। जिसमें खर्च 1093.32 करोड़ है।**

जबकि 2023-24 का बजट अनुमान 6005 करोड़ था और खर्च 3081.25 करोड़ था। पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में इस बार का बजट कम है। वहीं 17 हेक्टर भूमि पर कन्वेंशन सेंटर के निर्माण के संबंध में निर्णय लिया कि निर्माण पीपीपी मॉडल पर होगा। इसके लिए शासन से अनुमति ली जाएगी। साथ ही कंसलटेंट से प्राप्त तीन विकल्पों पर चर्चा के लिए प्रमुख सचिव नगरीय विकास एवं आवास विभाग के सामने प्रेजेंटेशन प्रस्तुत कर निर्णय लिया जाएगा। बजट में कन्वेंशन सेंटर के लिए 1 करोड़ का प्रावधान किया है। वहीं कमिश्नर दीपक सिंह ने इस बार का बजट कम होने के सवाल पर कहा कि वास्तविक आय और वास्तविक व्यय को हमने लिया है। इंदौर विकास प्राधिकरण ने पिछले 5 सालों में जो इनकम प्राप्त की और जो खर्च किया है। उसके आधार पर हमने इस बार का बजट बनाया है। अधिकारियों ने बताया कि केबल कार के लिए टेंडर फाइनल कर दिया है। कंसल्टेंट आ गए हैं। अब वो फिजिबिलिटी सर्वे करेंगे। प्रदेश स्तर की पॉलिसी बनाने का काम भी करेंगे। बता दें शहर के सघन इलाके जैसे राजवाड़ा व अन्य जगह केबल कार चलाने की प्लानिंग है। वहीं शहर में बस स्टाप पर सहित अन्य स्थानों पर चार्जिंग स्टेशनों को बढ़ावा दिया जाएगा। बजट में खजराना फ्लाई ओवर के लिए 30 करोड़, भंवरकुआं चौराहा फ्लाई ओवर के लिए 35 करोड़, संत श्री सेवालाल फूटी कोठी फ्लाई ओवर के लिए 28 करोड़, लवकुश चौराहे फ्लाई ओवर के लिए 35.40 करोड़, लवकुश चौराहे पर लेवल 2 फ्लाई ओवर के लिए 100 करोड़ का प्रावधान किया है। इनका काम तेजी से चल रहा है, जिसे अक्टूबर तक पूरा करने का टारगेट है। वहीं महू नाका फ्लाई ओवर के लिए 0.50 करोड़, गांधी नगर फ्लाई ओवर के लिए 0.50 करोड़, मरीमाता फ्लाई ओवर के लिए 3 करोड़ और बड़ा गणपति फ्लाई ओवर के लिए 1 करोड़ का प्रावधान बजट में किया है।

### हरियाली पर जोर देना समय की आवश्यकता

योजना क्रमांक 97 में 40 एकड़ में एक और रीजनल पार्क बनाने के सवाल पर कमिश्नर दीपक सिंह ने कहा कि 45.8 डिग्री अधिकतम तापमान गया है। जो कि इंदौर के इतिहास का सबसे ज्यादा तापमान रहा है। समय की आवश्यकता है कि जिस तरह से स्वच्छता के लिए नए मापदंड स्थापित किए गए उसी तरह हरियाली में भी अब काम हो।

### एक नजर

1. सुपर कॉरिडोर पर प्रस्तावित 8.204 हेक्टेयर जमीन पर स्टार्टअप पार्क के लिए 2 करोड़ का प्रावधान।
2. नायता मुण्डला पर आईएसबीटी (बस स्टैंड) का निर्माण 95 पर्सेंट पूरा हो चुका है। बचे कामों के लिए 3.10 करोड़ का प्रावधान किया है।
3. योजना क्रमांक 134 में वरिष्ठ नागरिकों के लिए बन रहे आवासीय कॉम्प्लेक्स के लिए 7.25 करोड़ का प्रावधान।
4. वर्ल्ड कप चौराहे के पास 3 एकड़ में स्पोर्टस कॉम्प्लेक्स बनेगा।
5. एमआर 11 (एबी रोड से बायपास तक) का निर्माण जल्द पूरा होगा।
6. सिंहस्थ पूर्व, बायपास से उज्जैन रोड को लिंक करने वाली एमआर 12 मार्ग का लगभग 8 किलोमीटर का टारगेट है।
7. एमआर 10 स्थित रेलवे ओवर ब्रिज के चौड़ीकरण का प्रावधान किया गया है।

# मामा से फोन पर कहासुनी के बाद नाबालिग भांजे की हत्या

## हमलावरों ने सिर और छाती में सब्बल-डंडे मारे; खंडवा के गांव में तनाव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा। खंडवा में 16 साल के लडक़े की हत्या कर दी गई। हमलावरों ने उसके सिर और छाती में सब्बल और डंडों से मारा। बुधवार को घटना के चौथे दिन किशोर की मौत हो गई। वह इंदौर में भर्ती था। किशोर की मौत की खबर लगते ही पलासी गांव में तनाव फैल गया। गांव में पुलिस तैनात करना पड़ी है।**

मारपीट का आरोप गांव के शंकर गुर्जर और उसके दो दामाद पर है। धनगांव थाने की पुलिस ने तीनों को हिरासत में ले लिया है। किशोर का शव आज शाम तक इंदौर से उसके गांव पलासी पहुंचेगा।

मामला 15 जून की शाम का है। पलासी गांव के शंकर गुर्जर और हेमू गुर्जर के बीच फोन पर बात करते हुए कहासुनी हो गई थी। शंकर ने अपने रिश्तेदारों को बुला लिया। उसके दो दामाद- पोखर निवासी प्रवीण गुर्जर और बंझर निवासी विशाल गुर्जर भी आ गए। सभी ने एकराय होकर हेमू घर धावा बोला। उनके हाथ में मोटा लट्ठ (बैलगाड़ी का खरालिया) और सब्बल थी। हेमू के घर के बाहर उसका भांजा अंकित खड़ा हुआ था। आरोपियों ने अंकित पर ही हमला कर दिया।

### लोग बचाने आए, हमलावरों ने उन्हें धमका दिया

घर की महिलाओं ने शोर मचाया तो गांव वाले इक_ा हो गए। लेकिन, हमलावरों ने उन्हें धमका दिया कि जो भी बचाने आएगा, वे उसे भी मार डालेंगे। उन्होंने अंकित के सिर और छाती पर सब्बल से वार किए। उसका सिर फोड़ दिया। गांव में काफी देर तक आतंक मचाया और निकल गए। महिलाओं ने डायल 100 को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल अंकित को धनगांव अस्पताल में दिखाया। यहां से खंडवा लाए और फिर इंदौर रेफर कर दिया गया। वह इंदौर के प्राइवेट अस्पताल में भर्ती था। अंकित परिवार का खेती - किसानी में हाथ बंटाता था।

### परिजन बोले- पुलिस ने पैसे लिए, आरोपी पक्ष की महिलाओं ने भी पत्थर फेंके थे

अंकित के परिजन का आरोप है कि धनगांव पुलिस को शंकर गुर्जर ने 1 लाख रुपए दिए है। घटना वाले दिन ही पुलिस को उन्हें गिरफ्तार कर लेना था। लेकिन, पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। पुलिस ने सिर्फ 3 लोगों को उठाया है, जबकि उनके घर की महिलाओं ने भी ईंट और पत्थर उठाकर फेंके थे। धनगांव टीआई विजय वर्मा ने कहा कि हत्याकांड में शामिल 3 लोगों को हिरासत में लिया गया है। जांच की जा रही है।

# आमिर खान के बेटे की मूवी महाराज का विरोध

## वैष्णव समाज के लोग पहुंचे थाने, कहा- फिल्म में सनातन धर्म, वैष्णववाद का अपमान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन। एक्टर आमिर खान के बेटे जुनैद की डेब्यू मूवी महाराज का मध्यप्रदेश में भी विरोध किया जा रहा है। बुधवार को उज्जैन में फिल्म के विरोध श्री वल्लभ वैष्णव मंडल, महिला मंडल व युवा मंडल ने खाराकुआं थाने पर प्रदर्शन किया। फिल्म पर रोक लगाने मांग की।**

वैष्णव समाज के लोगों ने फिल्म निमार्ता निथिलन स्वामीनाथन स्वामी, एक्टर जुनैद खान और जयदीप अहलावत के खिलाफ शिकायत की है। फिल्म में स्क्रिप्ट राइटिंग विपुल मेहता और स्नेहा देसाई ने की है। निर्देशन सिद्धार्थ पी मल्होत्रा ने किया है। समाज के लोगों ने सभी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

आरोप है कि फिल्म में वैष्णववाद व युवाओं की भावनाओं को ठेस पहुंचाई गई है। फिल्म हिन्दू धर्म को भटकाने और धर्म गुरुओं को खलनायक के रूप में चित्रित करने की मानसिकता से बनाई गई है। मूवी 14 जून को रिलीज होनी थी। इससे पहले, महाराज पर गुजरात हाई कोर्ट ने रोक लगा दी है।

### हिंदू धर्म को अपमानित करने की कोशिश

श्री वल्लभ वैष्णव मंडल के मीडिया प्रभारी दीपक राजवानी ने बताया, फिल्म में भगवान श्रीकृष्ण पर अभद्र टिप्पणी की गई है। इसके जरिए हिन्दू धर्मगुरुओं व हिन्दू धर्म को कलंकित करने का प्रयास किया गया है। यह फिल्म 150 साल पहले के कोर्ट केस पर आधारित है, जब अंग्रेजों का शासन था। वे हिन्दू समाज को तोड़ना चाहते थे।

### फिल्म का पीएम मोदी से कनेक्शन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब गुजरात के मुख्यमंत्री थे, उस समय के एक ब्लॉग में उन्होंने करसनदास मुलजी की खूब तारीफ की थी। महिला अधिकार और समाज सुधारक के तौर पर मुलजी के कार्यों को पीएम मोदी ने सराहा था। अब इस बीच पीएम मोदी का वो वीडियो भी चर्चा में है।

# महाराष्ट्र में मर्डर, मध्यप्रदेश में जलाई लाश

## ❑ बेटी-दामाद ने की थी म्यूजिक टीचर की हत्या; शव ठिकाने लगाने कार से 300 किमी दूर लाए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बैतूल।** महाराष्ट्र के गोंदिया में रहने वाले म्यूजिक टीचर की हत्या उनकी बेटी और दामाद ने ही की थी। लाश को महाराष्ट्र के गोरेगांव से करीब 300 किमी दूर बैतूल जिले के मुलताई के पास लाकर जला दिया था। चार महीने की पड़ताल के बाद मुलताई पुलिस ने हत्याकांड की गुत्थी को सुलझाया। हत्यारे बेटी-दामाद को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

एसपी निश्चल एन झरिया ने बताया कि 15 फरवरी 2024 को बैतूल के चिचंडा गांव के सरपंच अंकित कालभोर ने सूचना दी थी कि एक चरवाहे ने बंद पड़े ढाबे के बाथरूम में जली लाश देखी है। पुलिस मौके पर पहुंची तो कंकाल के रूप में बॉडी मिली। मौके पर कोई सबूत नहीं मिला। पुलिस ने भोपाल में बॉडी का पोस्टमार्टम करवाया। जिससे इतना पता चल सका कि मृतक की उम्र 40 से 60 साल के बीच है। उसके बालों की लंबाई 12 सेंटीमीटर है।

**सीसीटीवी फुटेज में दिखी संदिग्ध कार-** पुलिस की टीम ने घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी खंगाले। एक फुटेज में घटना वाले दिन सफेद रंग की संदिग्ध कार नजर आई। आरटीओ से जानकारी जुटाई तो पता चला कि ये कार किरण पति पुरुषोत्तम कावले निवासी गोंदिया के नाम पर रजिस्टर्ड है। जांच टीम गोंदिया पहुंची। यहां लोगों से पूछताछ में पता चला कि कार मालकिन किरण कावले स्कूल में पढ़ाती हैं। उनके पति पुरुषोत्तम कावले म्यूजिक टीचर हैं। पुरुषोत्तम के बड़े-बड़े बाल हैं। वे शराब पीने के आदी हैं। पुलिस किरण को तलाशते हुए उनके घर पहुंची तो पड़ोसियों ने बताया कि पूरा परिवार चार महीने से लापता है। इससे पुलिस के शक की सुई परिवार के इर्द-गिर्द घूमने लगी।

**पत्नी ने हुलिए के आधार पर पति की शिनाख्त की-** पुलिस जैसे-तैसे भंडारा में पुरुषोत्तम के भाई दिलीप निवारी के पास पहुंची। उसने बताया कि भाभी किरण अभी अपनी बहन के पास बाघबोडी में हैं। इसके बाद टीम बाघबोडी गई। यहां किरण को घटनास्थल के फोटोग्राफ्स, अंगूठी और मृतक के हुलिए के बारे में जानकारी दी। किरण ने मृतक की पहचान पति पुरुषोत्तम कावले के रूप में की।

# मंत्री पटेल की गाड़ी को पीछे से कार ने मारी टक्कर, दोनों गाडियां डैमेज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रायसेन।** लोक स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा मंत्री नरेंद्र पटेल की गाड़ी को पीछे से एक अन्य वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। इससे मंत्री की गाड़ी आगे खड़ी फॉलो वाहन से टकरा गई। हादसा बुधवार शाम 5 बजे हुआ। मंत्री पटेल की गाड़ी में पूर्व स्वास्थ्य मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी, भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा, पूर्व मंत्री ठाकुर रामपाल सिंह राजपूत मौजूद थे। टक्कर लगने के बाद सभी को जोर का झटका लगा। किसी को चोट नहीं लगी है। हालांकि दोनों गाडियां डैमेज हो गई हैं। सभी नेता रायसेन जिला भाजपा कार्यालय से बैठक में शामिल होकर रेस्ट हाउस जा रहे थे।

# बिजली कंपनी के ऑफिस में तोड़फोड़

## बढ़ते बिल पर लोगों का गुस्सा फूटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर।** विजयनगर उखरी स्थित बिजली कंपनी के कार्यालय में बुधवार दोपहर हंगामा हो गया। बढ़े हुए बिजली बिल और स्मार्ट मीटर में गड़बड़ी को लेकर कुछ लोग पहुंच गए। नारेबाजी करते हुए तोडफ़ोड़ कर दी। कार्यालय में मौजूद अफसरों से गाली-गलौज की। यहां मौजूद लोगों ने बीच-बचाव किया।

# नाबालिग से मामा के घर से चोरी करवाए 6 लाख के जेवर

## आई-फोन गिफ्ट का वादा किया, तीन युवकों की करतूत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर।** जबलपुर में तीन युवकों ने अपने फायदे के लिए 14 साल के लडक़े को मोहरा बनाकर उसके ही मामा के घर में चोरी करवाई। आरोपियों ने उसे लग्जरियस लाइफ के सपने दिखाकर फंसाया। उसे महंगे होटलों में खाना खिलाया। गहने बिकने पर आई-फोन गिफ्ट करने का भी वादा कर रखा था। जब लडक़े को लगा कि वह गलत कर रहा है और आगे से चोरी नहीं करने का कहा तो आरोपियों उसे मामा की हत्या की धमकी दी। आरोपी उसे डरा-धमकाकर, लालच देकर चोरी करवाते रहे। 2 महीने में किशोर ने 6 लाख रुपए के सोने - चांदी के जेवर चुरा लिए।

लडक़े के मामा के परिवार को जब इस बता का एहसास हुआ कि गहने कम हो गए हैं, उन्होंने पुलिस में जानकारी दी। पुलिस ने तीनों ही आरोपियों को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया। सारे गहने भी बरामद कर लिए गए हैं।

### गहनों की गिनती की, तब पता लगा कि चोरी हुई है

मामला जबलपुर के बरेला का है। यहां रहने वाले एक बर्तन कारोबारी को अपनी अंगुठी नहीं दिखी। उन्होंने पत्नी और मां से पूछा। दोनों ने यही कहा कि घर में कोई बाहरी नहीं आता। खुला घर छोडक़र कभी गए नहीं कि चोरी हो जाए। कारोबारी और उनके परिवार ने गहनों की गिनती की तो वह दंग रह गए। अंगूठी ही नहीं, मंगलसूत्र, हीरे की लौंग, लॉकेट और दूसरे जेवर भी गायब थे। उन्होंने अपने घर पर लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज देखे तो कोई संदेही नजर नहीं आया। 13 जून को उन्होंने बरेला थाने में शिकायत की। आरोपियों के पास से सभी गहने बरामद कर लिए गए। वे इसे बेचने की फिराक में थे, लेकिन किसी भी सराफा कारोबारी ने बिना बिल के इन्हें खरीदा नहीं।

### पुलिस को ऐसे हुआ लडक़े पर शक

पुलिस जब जांच के लिए कारोबारी के घर पहुंची तो कोई सुराग नहीं मिला। 14 जून को एएसपी प्रदीप शेंडे बरेला पहुंचे। उन्होंने भी घर में जांच की। एएसपी पूछताछ कर रहे थे, तभी उनकी नजर कारोबारी के भांजे पर पड़ी। उन्हें उसकी हरकत संदिग्ध लगी। उन्होंने बरेला थाना प्रभारी को निगाह रखने के निर्देश दिए। पुलिस ने जांच की तो पता चला कि भांजा बरगी में रहता है। मामा के घर आता - जाता रहता है और दो से तीन दिन ठहरता भी है। जिस दिन पुलिस जांच करने पहुंची, उसी दिन लडक़ा बिना किसी को कुछ बताए अपने घर बरगी चला गया। बाद में पुलिस बरगी पहुंची और उससे पूछताछ की तो उसने सबकुछ बता दिया।

# गर्लफ्रेंड से बात करने पर दोस्त का प्राइवेट पार्ट काटा

## युवक ने सिर पर रॉड मारी, चाकू से वार किए; घायल छोड़कर भागा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन। उज्जैन के पास महिदपुर में एक युवक ने अपने दोस्त का प्राइवेट पार्ट काट दिया। दोस्त ने उसकी गर्लफ्रेंड से फोन पर बात कर ली थी, इस बात पर उसे इतना गुस्सा आया कि पहले उसके सिर पर रॉड मारी, फिर चाकू से शरीर पर ताबड़तोड़ वार किए। पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। बुधवार को आरोपी को गिरफ्तार कर केस दर्ज किया है। पुलिस ने घायल हालत में अंकित को अस्पताल में भर्ती कराया। उसके बयान लिए।**

गाड़ी में दोनों के बीच हुआ विवाद

एडिशनल एसपी नितेश भार्गव ने बताया कि राजस्थान के ब्यावर का रहने वाला अंकित चौहान और नागदा (उज्जैन) का रहने वाला भेरूलाल बैरागी दोस्त हैं। एक कंपनी में काम करते हैं। मंगलवार को दोनों कंपनी के काम से पिकअप वाहन से जा रहे थे। भेरूलाल गाड़ी ड्राइव कर रहा था। उसने दोस्त अंकित से अपनी गर्लफ्रेंड से बात करने पर आपत्ति जताई। दोनों में कहासुनी होने लगी। इसी बीच अंकित ने उसे फ्रेश होने के लिए गाड़ी रोकने के लिए कहा। भेरूलाल ने रॉड से उसके सिर और हाथ पर मारा। बाद में चाकू से वार किए। इसके बाद घायल हालत में उसे मौके पर छोडक़र भाग निकला।

## संपादकीय

### एक साल में नहीं उठाया गया खास कदम

मणिपुर में शांति बहाली को लेकर अब केंद्र सरकार कुछ गंभीर नजर आई है। गृहमंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक में वहां सुरक्षा बलों की तैनाती बढ़ाने, हिंसा करने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाने और जल्दी ही मैतेई और कुकी समुदाय के लोगों के साथ बातचीत करने का फैसला किया गया। एक वर्ष से ऊपर हो गया वहां हिंसा होते, मगर न तो केंद्र और न राज्य सरकार ने कोई उल्लेखनीय कदम उठाया। इसे लेकर लगातार दोनों सरकारों पर अंगुलियां उठती रही हैं। पिछले वर्ष मई में जब वहां हिंसा भड़की, तब सेना की गश्ती बढ़ा दी गई थी। इसका नतीजा यह हुआ कि हिंसा पर एकदम से काबू पा लिया गया था। मगर फिर महीने भर के भीतर ही फिर से हिंसा भड़क उठी थी। उसके बाद उस पर काबू पाने का कोई गंभीर प्रयास नहीं किया गया। उपद्रवियों ने पुलिस शस्त्रागार से बड़े पैमाने पर हथियार लूट लिए, दोनों समुदाय घात लगा कर एक-दूसरे पर हमले करने लगे थे। उस दौरान केंद्रीय गृहमंत्री ने वहां का दौरा किया था। तब भी उन्होंने हिंसा करने वालों को कड़ी चेतावनी दी थी, लूटे गए हथियार वापस करने का आह्वान किया था, मगर उसका कोई खास असर नहीं हुआ। तब से जैसे वहां के लोगों को उनके हाल पर छोड़ दिया गया है। राज्य सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी रही और केंद्र सरकार ने कोई कड़ाई नहीं दिखाई। इसका नतीजा यह हुआ कि बहुत सारे घर जला दिए गए, पूजा स्थलों को ध्वस्त कर दिया गया, साठ हजार से ऊपर लोग अपने घरों से विस्थापित होकर राहत शिविरों में रह रहे हैं, दो सौ से ऊपर लोग मारे जा चुके हैं, कई महिलाओं से सामूहिक बलात्कार किया गया, कुछ को निर्वस्त्र घुमाया गया। इन सबके बावजूद सरकारें तमाशबीन बनी रहीं। प्रधानमंत्री पर आरोप है कि वे आज तक मणिपुर पर कुछ नहीं बोले। इस स्थिति में सर्वोच्च न्यायालय ने संज्ञान लेते हुए अपनी निगरानी में जांच समिति गठित की और राज्य पुलिस को कड़ी चेतावनी दी। मगर उसका भी कोई उल्लेखनीय नतीजा नहीं निकल पाया है। अभी स्थिति यह है कि इंफल से ऊपर के पहाड़ी इलाकों में रहने वाले कुकी समुदाय के लोग खुद अपनी सुरक्षा चौकियां बना कर पहरेदारी करते हैं। राहत शिविरों में रह रहे लोगों को न तो ढंग का भोजन मिल पाता है, न पीने का पानी, न स्वास्थ्य सुविधाएं। बच्चों की पढ़ाई-लिखाई सब कुछ बाधित है। इस तरह एक पूरे राज्य के लोगों को उनके हाल पर छोड़ देना किसी भी कल्याणकारी सरकार की जवाबदेही पर स्वाभाविक ही सवाल खड़े करता है। इसे लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने भी कुछ दिनों पहले सरकार की कड़े शब्दों में निंदा की। शायद उसी का असर हो कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने मणिपुर की सुरक्षा को लेकर फिक्र जताई है।

**अर्ज़ किया है..!**

*दिया ख़ामोश है लेकिन*
*किसी का दिल तो जलता है*
*चले आओ जहाँ तक*
*रौशनी मा'लूम होती है*

*- नुशूर वाहिदी*

**OSHO कहिन**

**"मनुष्य का हमेशा डर के जरिये ही शोषण किया जाता है।"**



**धर्म-कर्म**

# कलियुग के 10 हजार साल होने पर होंगी यह विचित्र घटनाएं

## जानकर उड़ जाएंगे होश



कलियुग को लेकर पुराणों में काफी वर्णन किया गया है। बाकी युगों की तुलना में कलियुग की आयु सबसे कम होगी। ब्रह्मवैवर्त पुराण में बताया गया है कि जब कलयुग के 10 हजार वर्ष बीत जाएंगे तो बहुत ही विचित्र तरह की घटनाएं घटेंगी। ब्रह्मवैवर्त पुराण में कलयुग को लेकर जिस तरह की भविष्यवाणियां की गई हैं उसे जानकर आप हैरान हो जाएंगे। ब्रह्मवैवर्त पुराण के अनुसार, कलियुग को लगभग 5 हजार वर्ष बीत चुके हैं। जैसे जैसे कलियुग आगे बढ़ेगा और 10 हजार वर्ष बीत जाएंगे। संसार में जिस तरह की घटनाएं घटेंगे वह आपको स्तंभ कर सकती हैं। आइए जानते हैं कलियुग के 10 हजार वर्ष बाद क्या होने वाला है।

### कलियुग में विलुप्त हो जाएंगे गंगा, सरस्वती और तुलसी

ब्रह्मवैवर्त पुराण में कलियुग को लेकर बहुत ही चौकाने वाली बाते बताई गई हैं। पुराण में बताया गया है कि जब कलियुग के 5 हजार वर्ष बीत जाएंगे। तो सबसे पहले गंगा, तुलसी और सरस्वती धरती से विलुप्त होने लगेंगी। ये तीनों बैकुंठ धाम में चले जाएंगी। जब ये तीनों देवियां धरती से वापस जाएंगे तो उनके साथ वृंदावन और काशी को छोड़कर बाकी सारे तीर्थ भी इनके साथ वापस बैकुंठ चले जाएंगे।

### कलियुग में भगवान जगन्नाथ धरती से चले जाएंगे

इसी के साथ जब कलियुग का 10 हजार वर्ष बीतेंगे तो शालिग्राम, श्री हरि की मूर्ति, पुरुषोत्तम भगवान जगन्नाथ धरती को छोड़कर अपने धाम को पधार जाएंगे। इसी के साथ लोग पूजा पाठ करना बंद कर देंगे। लोग उपवास करना बंद कर देंगे और ग्राम देवी देवता का पूजन बंद कर देंगे।

### कलियुग में लोग करेंगे मांस मंदिरा का अधिक सेवन

कलियुग के 10 हजार वर्ष बीत जाने के बाद लोग मांस मदिरा का अधिक सेवन करने लगेंगे। लोग झूठ का सहारा लेंगे। पुरुष और स्त्री एक दूसरे को धोखा देने लगेंगे।

### कलियुग में अपने परिवार के बैर रखेंगे लोग

कलियुग जैसे जैसे अपने चरम पर पहुंचेगा लोग अपने परिवार के लोगों से अपरिचित व्यक्तियों की तरह व्यवहार करने लगेंगे। भाई भाई से बात नहीं करेगा। बहन भाई से कोई संबंध नहीं रखेगी। संबंधों में मधुरता खत्म होती जाएगी। सगे रिश्ते भी एक दूसरे का साथ नहीं देंगे।

### कलियुग में कम होगी अनाज की पैदावार

कलियुग के 10 हजार वर्ष के बाद जमीन में अनाज की पैदावार नहीं होगी। लोग बुरे शब्दों का प्रयोग करेंगे। लोगों के व्यवहार में मिठास नहीं रहेगी।

### कलियुग में टैक्स से परेशान हो जाएंगे लोग

कलियुग में लोगों से अधिक कर (टैक्स) वसूला जाएगा। लोग कर से परेशान हो जाएंगे। लोग हिंसक निर्दय और मनुष्य घाती हो जाएंगे। लोगों में नास्तिकता अधिक हो जाएगी। लोगों की आयु भी कम हो जाएगी। कलियुग में व्यक्ति रोग से पीड़ित रहेंगे।

New Delhi

# दुनिया में हर चौथा बच्चा भुखमरी का शिकार, भारत से बेहतर पाकिस्तान; UNICEF की चौंकाने वाली रिपोर्ट

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** चाइल्ड पॉवर्टी को लेकर यूनिसेफ ने एक रिपोर्ट जारी की है। जिसमें चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। भारत दुनिया के सबसे खराब देशों में शामिल है, जहां बच्चों को उचित आहार नहीं मिल पाता। भारत से बेहतर स्थिति पाकिस्तान की है। दक्षिण एशियाई देशों की बात करें तो चाइल्ड पॉवर्टी में भारत से ख़राब हालात अफगानिस्तान में हैं। रिपोर्ट बताती है कि दुनिया का हर चौथा बच्चा भुखमरी का शिकार है और अच्छे आहार के लिए संघर्ष कर रहा है। 181 मिलियन बच्चों में 65 फीसदी गंभीर भुखमरी में जीने को मजबूर हैं।

यूनिसेफ के आंकड़े बताते हैं कि विश्व स्तर पर 4 में से 1 बच्चा गंभीर श्रेणी में आता है और वह बहुत खराब आहार



पर जीवन जी रहा है। यूनिसेफ ने 'चाइल्ड न्यूट्रीशन रिपोर्ट 2024' में 92 देशों पर रिसर्च किया। यूनिसेफ की बाल खाद्य गरीबी को लेकर जारी रिपोर्ट में 5 वर्ष तक के बच्चों को शामिल किया जाता है। यह पता लगाया जाता है कि बच्चों को पौष्टिक और विविध आहार मिल पा रहा है या नहीं? गंभीर बाल खाद्य गरीबी में 'बच्चों के लिए खराब भोजन, खराब माहौल और बच्चों और उनके परिवारों को प्रभावित करने वाली घरेलू आय भी शामिल है। इस रिपोर्ट में गरीब और उससे ऊपर जीने वाले दोनों परिवारों को लेकर शामिल किया जाता है। रिपोर्ट के अनुसार, गंभीर बाल खाद्य गरीबी में रहने वाले बच्चों का प्रतिशत बेलारूस में 1% से लेकर सोमालिया में 63% प्रतिशत तक है। सोमालिया के बाद गिनी (54%), गिनी-बिसाऊ (53%), अफगानिस्तान (49%), सिएरा लियोन (47%), इथियोपिया (46%) और लाइबेरिया (43%) में सबसे बुरे हालात हैं।

Tamil Nadu

## जहरीली शराब पीने से 30 लोगों की मौत, 100 से ज्यादा हॉस्पिटल में भर्ती



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** तमिलनाडु के कल्लाकुरिची जिले में कथित तौर पर जहरीली शराब पीने से 30 लोगों की मौत हो गई और 100 से अधिक लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है. कल्लाकुरिचि के जिला कलेक्टर एमएस प्रशांत ने इसकी पुष्टि की है. मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है. कल्लाकुरिची के जिला कलेक्टर एमएस प्रशांत ने जिले के सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज करा रहे लोगों से मुलाकात की.

इस मामले में 49 वर्षीय (अवैध शराब विक्रेता) के. कन्नुकुट्टी को गिरफ्तार कर लिया गया है और उसके पास से जब्त की गयी करीब 200 लीटर अवैध शराब की जांच में सामने आया कि उसमें घातक 'मेथनॉल' मौजूद था.

मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने मौतों पर दुख जताया और कहा कि इसे रोकने में विफल रहने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है.

स्टालिन ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'कल्लाकुरिची में मिलावटी शराब पीने वाले लोगों की मौत की खबर सुनकर मैं स्तब्ध और दुखी हूं. इस मामले में शामिल लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है. इसे रोकने में विफल रहने वाले अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई है.'

उन्होंने कहा, 'अगर जनता ऐसे अपराधों में शामिल लोगों के बारे में जानकारी देती है तो तत्काल कार्रवाई की जाएगी. समाज को बर्बाद करने वाले ऐसे अपराधों को सख्ती से दबाया जाएगा.'

Maharashtra

## नाटक में राम-सीता के अपमान का आरोप, IIT Bombay ने छात्रों पर लगाया 1.2 लाख का फाइन

**मुंबई, (एजेंसी)** आईआईटी बॉम्बे ने रामायण पर कथित तौर पर आपत्तिजनक नाटक का मंचन करने के लिए छात्रों पर भारी-भरकम जुर्माना लगाया है. इस नाटक का मंचन आईआईटी बॉम्बे के सालाना आर्ट फेस्टिवल में 31 मार्च को किया गया था.

आईआईटी बॉम्बे के छात्रों ने 'राहोवन' नाम के नाटक में हिस्सा लिया था. इस नाटक को लेकर कुछ शिकायतें मिली थीं. आरोप है कि नाटक में छात्रों ने राम और सीता के किरदारों को आपत्तिजनक तरीके से दर्शाया था. हालांकि, छात्रों का समर्थन करने वाले छात्रों का कहना है कि यह नाटक प्रगतिशील था, जिसे सभी ने काफी सराहा.

इस नाटक को लेकर की गई शिकायतों में कहा गया है कि इससे हमारी संस्कृति और धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं. इन शिकायतों के बाद अनुशासनात्मक समिति की बैठक बुलाई गई. जिन छात्रों के खिलाफ शिकायतें की गई हैं, उन छात्रों को भी इस बैठक में बुलाया गया था. इस दौरान काफी विचार-विमर्श के बाद समिति ने कड़ा एक्शन लेने का फैसला लिया.

Uttarpradesh

## यूपी में आंधी और बारिश का कहर : लखीमपुर में कई जगह गिरीं दीवारें, बच्चे समेत तीन की हुई मौत

**लखीमपुर खीरी, (एजेंसी)** लखीमपुर खीरी में आंधी और बारिश ने कहर बरपाया। बुधवार रात आई आंधी और बारिश में ईसानगर और नीमगांव थाना इलाके में दीवार ढहने से तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों में महिला और किशोर शामिल है। कुछ लोग गंभीर रूप से घायल भी हुए हैं।



थाना ईसानगर इलाके में बीती रात आई तेज आंधी के चलते गांव गोडवा मजरा गणेशपुर में एक सरकारी नलकूप की पक्की दीवार गिर गई। जिससे तालाब में मछलियों की रखवाली कर रहे परसादी (75) घायल हो गए। जबकि उनके साथ झोपड़ी में सो रहे पोते अजय कुमार (15) पुत्र राम मंतर लाल की मौके पर ही मौत हो गई।

दूसरा हादसा ईसानगर इलाके के मोहनपुरवा मजरा शेखपुर में हुआ। यहां अपने घर में सो रही गायत्री देवी (50) पत्नी मौजी लाल की दीवार के नीचे दबने से मौत हो गई। जबकि उसके पास सो रहा बेटा राजेश (30) और उनकी पांच वर्षीय पोती गंभीर रूप से घायल हो गई।

हादसे की सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष देवेन्द्र कुमार ने सभी घायलों को एम्बुलेंस की मदद से अस्पताल भेजा। मृतकों का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर, नीमगांव थाना क्षेत्र के आमघट गांव निवासी किशोर की दीवार के नीचे दबने से मौत हो गई। कई मवेशी भी मरे हैं।

खेल

# द. अफ्रीका ने लगातार पांचवां मैच जीता, 15 साल पुराने रिकॉर्ड की बराबरी की, यूएसए को 18 रन से हराया

**एंटीगुआ, (एजेंसी)** दक्षिण अफ्रीका ने सुपर-8 के पहले मुकाबले में अमेरिका को 18 रन से हरा दिया है। एंटीगुआ में खेले गए सुपर-8 ग्रुप-2 के इस मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए दक्षिण अफ्रीका ने 20 ओवर में चार विकेट गंवाकर 194 रन बनाए थे। जवाब में अमेरिका की टीम 20 ओवर में छह विकेट पर 176 रन ही बना सकी। अमेरिका की पारी के दौरान 19वें ओवर में कगिसो रबाडा ने हरमीत सिंह का विकेट लेकर मैच पलट दिया। आखिरी दो ओवर में अमेरिका को 28 रन चाहिए थे। तब हरमीत और आंद्रीज गौस क्रीज पर थे।

पहली ही गेंद पर हरमीत कैच आउट हो गए। उन्होंने 22 गेंद में 38 रन की पारी खेली थी। गौस के साथ 91 रन की साझेदारी निभाई थी। हालांकि, हरमीत के आउट होने पर मैच पलट गया। रबाडा के 19वें ओवर में दो रन आए और आखिरी ओवर में अमेरिका को जीत के लिए 26 रन




**डिकॉक की आतिशी पारी से द. अफ्रीका ने 194 रन बनाए**

क्विंटन डिकॉक और कप्तान एडेन मार्करम के बीच दूसरे विकेट के लिए 60 गेंद में निभाई गई 110 रन की साझेदारी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने अमेरिका के खिलाफ पहले सुपर-8 के मुकाबले में चार विकेट पर 194 रन बना लिए। डिकॉक की 40 गेंद में सात चौकों और पांच छक्कों की मदद से 74 रन की पारी आकर्षण का केंद्र रही। मार्करम ने 46 रन बनाए। एक समय 141 रन पर 4 विकेट गिर गए थे, लेकिन क्लासेन (36*) और स्टब्स (20*) ने 30 गेंद में अटूट 53 रन जोड़कर द. अफ्रीका को 194 रन तक पहुंचाया। नेत्रवल्कर ने 21 और हरमीत ने 24 रन पर दो-दो विकेट लिए।

चाहिए थे और टीम सिर्फ सात रन बना सकी। गौस 47 गेंद में पांच चौके और पांच छक्के की मदद से 80 रन बनाकर नाबाद रहे। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका की ओर से क्विंटन डिकॉक ने 74 रन की पारी खेली थी। दक्षिण अफ्रीका ने इस विश्व कप में लगातार पांचवां मैच जीता। यह टी20 विश्व कप में उनके सबसे ज्यादा लगातार मैच जीतने का सिलसिला है। इससे पहले 2009 टी20 विश्व कप में भी उन्होंने लगातार पांच मैच जीते थे।

अमेरिकी कप्तान एरोन जोंस ने टॉस जीतकर द. अफ्रीका को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। मुंबई के सौरभ नेत्रवल्कर ने शानदार गेंदबाजी का क्रम जारी रखते हुए रीजा हेंड्रिक्स (11) को आउट किया। क्विंटन डिकॉक द. अफ्रीकी पारी को पटरी पर ले आए। उन्होंने चौथे ओवर में जसदीप सिंह पर तीन छक्के और चौका लगाया। इस ओवर में कुल 28 रन आए। पांचवें ओवर में डिकॉक ने केंजिगे पर लगातार दो चौके लगाकर द. अफ्रीका को 4.5 ओवर में 50 रन के पार करा दिया। डिकॉक यहीं नहीं रुके उन्होंने छठे ओवर में अली खान पर मिड विकेट के ऊपर एक और छक्का जड़ा। उनकी बदौलत द. अफ्रीका ने पावरप्ले में एक विकेट पर 64 रन बनाए। उन्होंने मार्करम के साथ 27 गेंद में अर्धशतकीय साझेदारी भी पूरी कर ली।

सिनेमा

## ईशा मालवीय करने जा रहीं शादी? बिग बॉस कंटेस्टेंट बोलीं- लाइफ में बहुत गलतियां



बिग बॉस के घर में नजर आईं टीवी एक्ट्रेस ईशा मालवीय घर से बाहर आने के बाद से चर्चा में रहती हैं। कुछ दिन पहले सोशल मीडिया पर ईशा मालवीय की शादी को लेकर अफवाह थी। अब टीवी एक्ट्रेस ईशा मालवीय ने खुद इस खबर की सच्चाई बताई है। ईशा मालवीय ने साफ किया है कि वो अभी शादी नहीं करने वाली हैं। वो अभी अपने करियर पर फोकस करना चाहती हैं। बिग बॉस के घर से बाहर आने के बाद ईशा मालवीय का ब्रेकअप हो गया था। इस ब्रेकअप की वजह से भी ईशा लंबे वक्त तक चर्चा में रही थीं। इंस्टेंट बॉलीवुड ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया है। इस वीडियो में ईशा मालवीय अपनी शादी की अफवाह को लेकर बात करती नजर आ रही हैं। ईशा मालवीय से पूछा गया कि उनकी शादी की चर्चा हो रही है? इसपर ईशा मालवीय कहती नजर आती हैं नहीं, नहीं ऐसा कुछ भी नहीं है अभी। अभी मैं अपने 20s में हूं। मैंने जिंदगी में बहुत गलतियां कर दी हैं। अब बस बहुत हो गया मेरा। मैं अब अपने काम पर ध्यान देना चाहती हूं। मैं इस फील्ड में अपने फ्यूचर को देखती हूं। उन्होंने साफ किया कि वो 30 साल से पहले शादी नहीं करने वाली हैं। बता दें, ईशा मालवीय की शादी की अफवाह तब उड़ी थी जब उन्होंने एक इंटरव्यू में कहा था कि वो अपनी शादी पर लाल लहंगा पहनेंगी। हालांकि, उस इंटरव्यू में ईशा मालवीय ने कहीं नहीं कहा था कि वो शादी करने वाली हैं।

## Highlights

1. **Congress leader cries on losing ticket to Sukhu's wife, hospitalised**
2. **I leaked NEET paper a day before exam for ₹30-32 lakh: Mastermind Amit Anand**
3. **Indian-origin activist arrested for spraying Stonehenge orange**
4. **Heavy vehicles to be prohibited on Mumbai's Sion ROB from June 22**
5. **Indian man dies in Italy after being left on road with arm cut off, 'barbaric,' says Italy**

# Budget 2024: SBI Chairman pitches for tax relief on interest earnings

**NEW DEIHI, (Agency).** State Bank of India Chairman Dinesh Kumar Khara has pitched for tax relief on interest income, saying it would help banks to garner savings that could be used for funding long-term infra projects.



Currently, banks are required to deduct tax when interest income from deposits held in all the bank branches put together is more than ₹40,000 in a year. With regard to savings accounts, interest earned up to ₹10,000 is exempt from tax.

"If at all some relief could be given in the Budget regarding tax on the interest earnings, it will be an incentive to depositors. Eventually, the banking sector uses deposits mobilised for the capital formation in the country," he told PTI in an interview.

The Full Budget for 2024-25 is likely to be presented by Finance Minister Nirmala Sitharaman in the Parliament next month.

Given the current economic growth rate, the SBI chairman is expecting 14-15 per cent loan growth during the fiscal year 2024-25.

"Normally the way we look at it is that the GDP growth rate plus inflation and 2-3 per cent over that. That gives us the number around 14 per cent or so," he said.

"Hence, 14-15 per cent credit growth depends upon the opportunities available for lending, and it meets our risk appetite. We will be happy to grow at this pace," he said.

As far as deposits are concerned, he said, it grew by 11 per cent last year.

"And we have some elbow room available in terms of excess SLR... which ensures that we don't have any pressure on us to raise the deposit rates for supporting our loan-to-deposit ratio," he said.

The bank has an excess Statutory Liquidity Ratio (SLR) between ₹3.5 lakh crore and ₹4 lakh crore.

# Planning to buy a car? You may get more discounts and assured gifts right now

**NEW DEIHI, (Agency).** For anyone wishing to buy a car right now, there are some happy tidings as carmakers and dealers are offering incentives- discounts, exchange bonuses, assured gifts- almost 5-11%. These are the highest in five years and are aimed at tempting customers to buy more and more cars as sales slow following a record FY24. The offers from carmakers are not just on old models but also on those that went for sale just a year ago. These incentives depend on fuel type, variants and brands and cut across all body types - hatchbacks and sedans to SUVs.



For customers, Tata Motors is offering benefits of up to ₹1 lakh on the second-generation Nexon compact SUV launched in September 2023. The Honda Elevate midsize SUV comes with benefits of ₹55,000 for corporate buyers under the Summer Bonanza Offer while Maruti Suzuki is offering benefits of up to ₹72,000 on the Fronx and up to ₹95,000 on the Grand Vitara.

These incentives are usually seen either in December or during the festive season, Kunal Behl, vice president, marketing and sales, Honda Cars India, said as per Economic Times.

He told the outlet, "After a strong run, the market has slowed and inventory levels are high.

# दंपती ने जहर खाकर दी जान

## बच्चे नहीं होने पर दोनों के बीच होता था विवाद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। रावजी बाजार पुलिस के मुताबिक इलाके में रहने वाले एक दंपती ने बुधवार को जहर खाकर जान दे दी। पुलिस ने मामला जांच में लिया है।**

पुलिस के मुताबिक दंपती का नाम संजय और रेखा वर्मा निवासी शनि गली रावला है। बताया जाता है कि दोनों का बच्चा नहीं था। आए दिन इसी बात को लेकर उनके बीच विवाद होता रहता था। दोनों एक दूसरे को सुसाइड की धमकियां देते थे। बुधवार को दोनों ने एक साथ जहर खा लिया। संजय सुनार का काम करते है। उनकी घर के यहां ही शॉप है। संजय के एक भाई सिलिकॉन सिटी में रहते हैं। पुलिस ने उन्हे मामले की जानकारी दी है।

रावजी बाजार पुलिस से मिली जानकारी क मुताबिक संजय ने सुसाइड के पहले एक नोट भी छोड़ा है। जिसमें उसने अपने बड़ो लोगो से माफी मांगी है। उसने लिखा है कि आप लोगो को स्नेह काफी रहा। लेकिन अब सब कुछ सहन नही होता। उन्होंने लिखा कि वह अपनी मर्जी से जान दे रहे है। पुलिस गुरूवार को दोनो का पोस्टमार्टम कराएगी।

### युवक ने घर में लगाई फांसी

एरोड्रम इलाके में रहने वाले एक युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। परिजन शव को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे है। पुलिस मुताबिक पुलकित पुत्र राजेन्द्र अग्रवाल निवासी ईशा एवेन्यू ने अपने घर में फांसी लगा ली। परिजनों ने घटना देखी तो तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### नाबालिक ने जहर खाकर दी जान

राजेन्द्र नगर इलाके मे रहने वाली नाबालिक भूमिका(16) पुत्री मनोज निवासी संजय गांधी नगर ने जहर खाकर जान दे दी। पुलिस के मुताबिक मंगलवार को उसे एमवाय अस्पताल में निजी अस्पताल से रैफर किया गया था। यहां शाम को उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मामला जांच में लिया है।

# फरार लेडी डान पर तीन हजार का इनाम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। पलासिया में व्यापारी को दुष्कर्म के मामले में फंसा कर रूपए ऐंढने वाली गैंग के छह सदस्यों को पलासिया पुलिस ने अब तक गिर तार कर लिया है जबकि पूरे मामले की मास्टर माइंड लेडीन डान सपना साहू अब तक फरार है। डीसीपी जोन-& ने उसकी गिर तारी पर तीन हजार रूपए के इनाम की घोषणा की है।**

डीसीपी जोन-3 पकंज पांडे ने बताया कि पलासिया थाने में व्यापारी सेजल मित्तल के खिलाफ पीडिता ने दुष्कर्म का प्रकरण दर्ज कराया था। मामले में पुलिस ने आरोपी सेजल मित्तल को गिर तार कर न्यायालय में पेश किया जंहा से उसे जेल भेज दिया गया। इस दौरान आरोपी के पिता से पीडिता और उसके पति ने संपर्क किया कि अभी कोर्ट में बयान होना बाकी है यदि वे उन्हें 50 लाख रूपए दें दे तो वे अपना बयान बदल देगी। उक्त मामले की शिकायत आरोपी के पिता ने मय साक्ष्य के पलासिया टीआई मनीष श्रीवास्तव को की थी। जांच के बाद पलासिया पुलिस ने पीडिता उसके पति त्रश,लेडी डान सपना साहू सहित सात लोगों को आरोपी बनाया था। हनी ट्रैप मामले में पुलिस ने पीडिता सहित छह आरोपियों को अब तक गिर तार कर चुकी है। लेडी डान सपना साहू का साथी मदन भी फरार चल रहा था जिसे पलासिया पुलिस की टीम ने होशंगाबाद के बाबई से गिर तार कर लिया। इधर डीसीपी का कहना है कि लेडी डान सपना साहू की गिर तारी के लिए टीमें लगी हुई हैं इस बीच उसकी गिर तारी पर उन्होंने तीन हजार रूपए के इनाम की घोषणा की है। माना जा रहा है कि पुलिस सपना साहू को भी जल्द दबोच लेगी।

# इंटरनेट के दोस्त ने किया दुष्कर्म

### शादी का वादा कर बनाता रहा संबंध, फिर किया इंकार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। विजयनगर थाना क्षेत्र में युवती ने अपने इंटनेट दोस्त के खिलाफ दुष्कर्म की धाराओं में प्रकरण दर्ज कराया है। पीड़िता और आरोपी की दोस्ती इंस्टग्राम पर हुई थी और फिर दोस्ती प्यार में बदल गई लेकिन प्यार में जब धोखा खाया तो पुलिस के पास पहुंच गई।**

विजयनगर थाना प्रभारी सीबी सिंह ने बताया कि युवती बुधवार को शिकायत लेकर थाने पहुंची उसने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि रतलाम में रहने वाले यजवेंद्र बौरासी से उसकी इंस्टग्राम के माध्यम से दोस्ती हुई थी। इसके बाद दोनों फोन पर बात करने लगे। दोस्ती धीरे धीरे प्यार में बदल गई इसके बाद वे साथ घूमने फिरने लगे। करीब दो तीन साल से दोनों रिलेशन में थे। यजवेंद्र ने पीडिता से शादी करने का वादा किया था। पीडिता मांगली थी ऐसे में उ°ौन के मंगलनाथ में उसकी पूजा भी करवाई और फिर कहा कि अब शादी कर लेंगे दोनों का एक दूसरे के घर आना जाना भी था लेकिन आरोपी लगातार शादी करने की बात को टालता रहा जब पीडिता ने उस पर दबाव बनाया तो उसने शादी करने से इंकार करते हुए जान से मारने की धमकी दी। इस पर पीडिता विजयनगर थाने पहुंची और आरोपी यजवेंद्र के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। टीआई सीबी सिंह का कहना है कि पीडिता की शिकायत पर आरोपी यजवेंद्र बौरागी के खिलाफ दुष्कर्म सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया गया है जल्द ही उसे गिर तार भी कर लिया जाएगा।

## शराब पीने से रोका तो हमला किया

इंदौर। राजेंद्र नगर इलाके में घर के सामने शराब पाने से रोकने पर आरोपियों ने फरियादी पर हमला कर दिया। पुलिस के मुताबिक फरियादी नरेंद्र पिता गोपाल साहू निवासी सौभाग बाग रीजनल पार्क की रिपोर्ट पर आरोपी अंकुर खटीक निवासी आइडीए मल्टी तेजपुर गड़बड़ी और गणेश साहू निवासी गणगौर नगर पर केस दर्ज किया गया। फरियादी ने पुलिस को बताया कि आरोपी उसके घर के सामने बैठकर शराब पी रहे थे जब रोका तो उसे गालियां दी और लात घूसों के साथ मारपीट कर पत्थर से भी वार कर घायल कर दिया।

## मैदान में मिला नवजात का शव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में मैदान में नवजात का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी सियाराम सिंह गुर्जर तुरंत मौके पर पहुंचे और शव को पीएम के लिए अस्पताल पहुंचाया और मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी सियाराम गुर्जर ने बताया कि बुद्ध नगर स्थित मैदान में नवजात का शव पड़े रहने की सूचना बुधवार शाम को मिली थी सूचना मिलते ही तुरंत मौके पर पहुंचे और शव का पीएम कराने के लिए अस्पताल पहुंचाया । श्री गुर्जर का कहना है कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि नवजात को मारकर फेका गया था या मौत के बाद कोई उसे यंहा फेकर चला गया फिलहाल ये सब जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

## सास-बहू के साथ छेड़छाड़

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। गांधी नगर थाना क्षेत्र में एक महिला और उसकी बहू के साथ में आरोपी ने छेड़छाड़ की। जब महिला ने विरोध किया तो आरोपी ने विवाद करना शुरू कर दिया आसपास के लोगों ने वहां पर पहुंचकर आरोपी को भगाया। नया बसेरा गांधी नगर निवासी महिला की शिकायत पर अमर सिंह उर्फ काक्या के खिलाफ केस दर्ज किया है। महिला ने पुलिस को बताया कि वह अपनी बहू नेहा के साथ घर के बाहर ही बैठे हुए थे तभी वहां पर आरोपी शराब पीकर आ गया। नशे की हालत में वह उसे और बहू को अश्लील इशारे करने लगा इस पर उसे बोला कि वह अश्लील इशारे क्यों कर रहा है। इस पर वह गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर मारपीट पर उतारू हो गया। शोर सुनकर पति और पडोसी वहां पर आ गए उन लोगों के बीच बचाव किया और आरोपी को वहां से भगा दिया। अब पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

## पारिवारिक विवाद में पत्नी ने पीटा

इंदौर। बाणगंगा इलाके में पारिवारिक विवाद में पत्नी ने पति को पीट दिया। दरअसल बेटा शराब पीकर घर आया था। इस बात को लेकर पिता ने नाराजगी जताई और अपनी पत्नी से कहा कि बेटे का ध्यान नहीं रखती हो। इसी को लेकर पत्नी ने पति पर हमला कर दिया। बाणगंगा थाने में फरियादी राम सिंह निवासी गणेशधाम कालोनी की शिकायत पर उसकी पत्नी रीना के खिलाफ हमले का मुकदमा दर्ज किया गया है। राम सिंह ने बताया कि उसका बेटा विशाल शराब पीकर घर आया था। गुस्से में राम सिंह ने अपनी पत्नी रानी को भला बुरा कहा और बच्चों का ध्यान न र खने का आरोप लगाया। रानी यह बात सुनकर नाराज हो गई। उसने घर में पड़ा हुआ डंडा उठाया और पति राम सिंह को ही जमकर पीट डाला।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक